## संक्षिप्त

### जिला कार्यकारिणी की बैठक आज

**दौसा,** (निसं)। आरपीएससी शिक्षक फोरम राजस्थान जिला दौसा कि जिला कार्यकारिणी की बैठक 13 सितंबर को प्रात:11 बजे प्रधान कार्यालय में आयोजित की जावेगी। फोरम के जिला अध्यक्ष प्रहलाद फाटक्या व जिला संयोजक कैलाश शर्मा ने बताया कि बैठक में बचपन संवारो, देश बचाओ अभियान के अंतर्गत आयोजित बेटी सम्मान समारोह पर चर्चा की जावेगी।

### ईनामी वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निर्देशन में पीपलू वृताधिकारी देशराज कुलदीप व पीपलू थानाधिकारी रामजीलाल के विशेष अभियान चलाकर पीपलू क्षैत्र के वारन्टी वांछित अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए 75 किलो 309 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (डोडा-पोस्त) में फरार चल रहे 10 हजार का इनामी व टॉप 10 सूची में शामिल अपराधी राजेन्द्र चौधरी उर्फ राजू जाट पुत्र रामदेव जाट उम्र 31 साल निवासी दडावट लाम्बाहरिसिह को गिरफ्तार कर अपराधी से प्रकरण में गहनता से अनुसंधान जारी है। इसी प्रकार पीपलू उपखण्ड के थाना झिराना में थानाधिकारी हरिमन की विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना में फरार टॉप-10 अपराधी रामजस पुत्र छोटू जाति जाट उम्र 41 साल निवासी कठमाना थाना झिराना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### 67 मरीजों की आंखों की जांच

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर, सहाय हॉस्पिटल, मोती डूंगरी, जयपुर एवं आई रिसर्च सेंटर समिति द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) जयपुर के सौजन्य से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 67 मरीजों की आंखों की जांच की गई और 8 मरीज का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया। शिविर में विशेष सहयोग दुर्गा प्रसाद गोयल एवं ललिता गोयल, ऊंझा, गुजरात का रहा। ऑपरेशन के लिए चयनित सभी मरीजों को क्लब ने फल एवं बिस्किट के पैकेट भी दिए। कैंप में लायन सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, रेवत सिंह, सागरमल सैनी, बजरंग लाल कुमावत, राजेंद्र हरभजनका आदि ने सेवाएं दी।

### पानी के निकासी की मांग

**शाहपुरा,** (निसं)। कस्बे के खातेडी मोड से शाहपुरा नगरपालिका के वार्ड नंबर 5 व 6 जाने वाली रोड पर करीब एक महीने से बारिश का पानी भरने से लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। रोजाना पैदल जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पडती है। कमलेश सैनी ने बताया कि स्कूल में जाने वाले छोटे बच्चे पानी में गिरकर रोजाना चोटिल हो रहे है। पैदल जाने पर राहगीरों के कपडे गंदे हो जाते है। लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से पानी के निकास की व्यवस्था करवाने की मांग की है।

### उपखंड स्तरीय जनसुनवाई

**गोविंदगढ/अलवर,** (निसं)। गोविंदगढ कस्बे में द्वितीय गुरुवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन नगरपालिका सभागार गोविंदगढ में तहसीलदार रमेश चंद खटाना गोविंदगढ की अध्यक्षता में किया गया जिसमे अतिक्रमण पेंशन राशन कार्ड से संबंधित अन्य प्रकार के कुल 6 परिवाद प्राप्त हुए। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में विश्वजीत पीडब्ल्यूडी तेजसिंह प्रेमसिंह उपखंड कार्यालय से निजी सहायक अंकित सपडा नंदकिशोर मीना आदि अन्य कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### फोर लेन रोड स्वीकृत करने की मांग

**दौसा,** (निसं)। भाजपा के रोहित शर्मा ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड को ज्ञापन सौपंकर दौसा से चाकसू-दूदू तक फोन लेन स्वीकृत किये जाने की मांग की है। रोहित शर्मा ने बताया कि दौसा से चाकसू-दूदू रोड की घोषणा सालो से होती आ रही है परंतु आज तक लवाण को रोड नहीं मिली है। दौसा से लवाण रोड की स्थिति विगत 25 वर्षों से दयनीय स्थिति में है इसलिए लवाण वासियों की माँग है की विधानसभा उपचुनाव से पूर्व दौसा से लवाण फॉर लेन रोड निर्माण का आवंटन किया जावें। उन्होने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से विधानसभा उपचुनाव से पूर्व दौसा चाकसू-दूदू रोड को फ़ोर लेन रोड स्वीकृत करने की मांग की है।

# एडीजीपी क्राईम पहुँचे कोटपूतली, क्राईम कंट्रोल को लेकर ली बैठक

- सभी प्रकार के अपराधियों की धर पकड़ कर तुरन्त गिरफ्तार करने के निर्देश दिये
- जयपुर रेंज आईजी अनिल कुमार टांक, एसपी वंदिता राणा समेत अन्य मौजूद रहे



एडीजीपी क्राईम दिनेश एम.एन. ने बैठक में पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

**कोटपूतली,** (निसं)। नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड में हुई विभिन्न अपराधीक घटनाओं की समीक्षा व क्राईम कन्ट्रोल को लेकर एडीजीपी क्राईम दिनेश एम.एन. गुरूवार को कोटपूतली पहुँचे। जहां एस.पी. कार्यालय पर उन्हें पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

वहीं एम.एन. एसपी कार्यालय में जयपुर रेंज आईजी अनिल कुमार टांक व एसपी वंदिता राणा सहित पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये हाल ही में हुई अपराध की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये। इस दौरान जिले में हुई विभिन्न अपराधीक घटनाओं के पैटर्न व अनुसंधान को रिव्यू किया गया। बैठक में जिले में हुई फायरिंग की घटनाओं, हत्या की अनखुली वारदातों, वांछित अपराधियों, स्थाई गिरफ्तारी वारंटियों व नये कानून से हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीजीपी ने विगत दिनों नीमराणा में होटल पर हुई फायरिंग की घटना पर जानकारी लेते हुये अनुसंधान पर चर्चा की। साथ ही प्रकरण में चिन्हित किये गये अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं नियमित गश्त बढाने के निर्देश भी दिये। एडीजीपी ने कहा कि होटल पर फायरिंग की वारदात के अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विभिन्न राज्यों में टीमें भेजी गई है। ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये पुलिस फोर्स बढाने के साथ-साथ अन्य तरीकों पर भी चर्चा की गई। क्षेत्र में सक्रिय विभिन्न अपराधी गिरोहों पर नजर रखते हुये कौनसा अपराधी जेल में है या कौन सा अपराधी बाहर है, इस पर भी सूची बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इस दौरान एडीजीपी ने कहा कि पडौसी राज्य हरियाणा में जारी विधानसभा चुनाव को लेकर नियमानुसार नाकाबंदी की जा रही है। एडीजीपी ने विगत वर्ष के आपराधिक आंकडों की समीक्षा करते हुये लोकल व स्पेशल एक्ट की कार्यवाही में वृद्धि करने, पोक्सो व ब्लात्कार, महिला अत्याचार एवं एससी-एसटी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर पेडेन्सी कम करने, हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर वांछित अपराधियों, टॉप टेन बदमाशों, ईनामी अपराधियों एवं सक्रिय गैंग के अपराधियों की धर पकड कर गिरफ्तार करने, आपराधिक प्रवृति के बदमाशों को चिन्हित कर गुण्डा एक्ट व राजपासा एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। इस दौरान एएसपी नेमसिंह, डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक, बानसूर डीएसपी सत्यप्रकाश सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण मौजूद थे।

### तेजाजी महाराज की झांकी निकाली

**शाहपुरा,** (निसं)। त्रिवेणी रोड़ पर रामेश्वर दास जी महाराज के पास स्थित वीर तेजाजी महाराज के मन्दिर में शुक्रवार को विशाल भंडारा आयोजित होगा। गुरुवार को तेजाजी महाराज की गाजे बाजे के साथ झांकी निकाली गई। तेजाजी महाराज के मन्दिर में 25 क्विंटल लड्डू की प्रसादी बनाई गई है। कल सुबह 11:00 से विशाल भंडारा होगा एवं सांस्कृतिक नेहडा कार्यक्रम होगा। गायक कलाकार छीतरमल व ख्यालीराम महासी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। विशाल भंडारे में शाहपुरा व आसपास के गांवों के भक्तगण शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में गुरुजी अर्जुन निठारवाल, लक्ष्मण पूनिया, सुभाष पोसवाल, साधुराम गुरलया, अर्जुन गिराटी, बाबूलाल ढबास, मदन पलसानिया, कालूराम पलसानिया सहित कार्यकर्ता व्यवस्था में सहयोग करने में जुटे हुए है।

# दौसा में हिन्दी सप्ताह के तहत कवि सम्मेलन आयोजित




हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कवियों ने भाग लिया।

**दौसा,** (निसं)। देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान दौसा के तत्वावधान में आयोजित हिंदी सप्ताह के तहत गुरुवार को सरस्वती कॉलेज ऑफ़ टीचर ट्रेनिंग दौसा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. निकिता त्रिवेदी एवं कवियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

सर्वप्रथम कवि गोपाल टेलर ने हास्य रस की कविता प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय कवि चौपाल के अध्यक्ष कवि कृष्ण कुमार सैनी ने हिंदी हमारी जान है हिंदी से ऊंचा है भारत का भाल है कविता प्रस्तुत की। सुमित्रा घोषी ने हम सब हिंदी है अपनी मंजिल एक हैं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत कविता सुनाकर छात्रों में जोश भर दिया।

प्राचार्य डा.निकिता त्रिवेदी ने कई प्रेरणादायक रचनाएं सुनाई तथा श्रृंगार रस की कविता सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया डॉ. निर्मला ने अपनी कविता बेटी बचाओ के द्वारा सामाजिक विसंगतियों पर कडा प्रहार किया। कवि नवल ने हास्य रचनाओं से खूब मनोरंजन किया।

हास्य कवि दिनेश कुमार प्रजापति तूफानी ने मंच पर हास्य कविताओं से तूफान ला दिया।

महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता बनवारी लाल, विक्रम सिंह, दीनबंधु शर्मा, ललित शर्मा, किरण त्रिवेदी, दिलीप, रवि, राजकुमार, सुरेश, कौशल कुमार, आरती, गीता शशिकांत शर्मा आदि ने कविता प्रस्तुत की। सभी कवियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र भेंट किए गए। बीएड प्रथम वर्ष विवेकानंद सदन के प्राची, मुनेश, लक्ष्मी, रिंकू, अंकित, कविता, सुरेंद्र, विजय ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग किया कार्यक्रम का मंच संचालक पवन मीणा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ निकिता त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# एसडीएम के निरीक्षण में 13 कर्मचारी मिले नदारद

- तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के दिये निर्देश



उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

**देवली,** (निसं)। उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने गुरुवार को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का ओचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी को 13 कर्मचारी कार्यालय से नदारत मिले। गुरुवार को प्रात:10 बजे उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे।

जहाँ निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने जांच की। इस दौरान उपखंड अधिकारी ने पाया कि कार्यालय में कुल 17 अधिकारी/कर्मचारियों को नियुक्त किया हुआ है। जिसमें से 13 अधिकारी/कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये। इस दौरान जानकारी मिली कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एसीबीईओ राम राय मीणा भी अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं थे तो वही कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी सीमा पारासर, प्रधान लाल मीणा एसीबीईओ-द्वितीय, मो. नासीर आरपी. प्रथम, शंभूदयाल वर्मा आर.पी. द्वितीय, शंकरलाल चौधरी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, प्रवीण चौधरी सहायक प्रशासनिक अधिकारी, योगेन्द्र साहू वरिष्ठ सहायक,राकेश कुमार मीणा वरिष्ठ सहायक, राकेश वर्मा एम.आई.एस.पवन कुमार बैरवा एम.आई.एस. सुरेश कुमार सैन वरिष्ठ सहायक व मो. आरिफ अमर खान प्रबोधक) यह सभी औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये।

इस पर उपखंड अधिकारी कार्यालय से उक्त सभी अनुपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी जारी किया है। साथ ही 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित भी किया गया है।

# सोप थाने पर फायरिंग की घटना पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। सोप थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम को एक हिस्ट्रीशीटर को पिस्टल से फायरिंग करना उस समय भारी पड गया जब लोगों की भीड ने हिस्ट्रीशीटर और उसके दो साथियों की लात-घूसों के साथ बीच सडक पर पिटाई कर दी। हिस्ट्रीशीटर की पिटाई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है।

जानकारी अनुसार बुधवार देर शाम को बदमाशों ने कोटडी गांव के पास हवाई फायरिंग कर दिया जिससे गांव में दहशत का माहौल फ़ैल गया। इस दौरान लोगों की भीड जमा हो गई। भीड को देखकर हवाई फायरिंग कर बदमाश भागने लगे तो लोगों ने तीनों बदमाशों को पीछा कर पकड लिया ओर उनकी जमकर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेश तिवाडी मय पुलिस जाप्ता के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर तीनों बदमाशों को हिरासत में लेकर थाने पर लाए। तिवाडी ने बताया कि बुधवार देर शाम को सवाई माधोपुर जिले के मलारना डूंगर थाने का हिस्ट्रीशीटर बत्तीलाल गुर्जर अपने दो साथियों के साथ इंद्रगढ की तरफ से तारीख पेशी कर लौट रहा था। इसी दौरान सोप थाना इलाके में कोटडी गांव के समीप बत्तीलाल ने पिस्टल से फायरिंग कर इलाके में अपना रूआब झाडने की कोशिश की। इसी दौरान लोगों की भीड ने बत्तीलाल जमकर लात-घूसों से पिटाई की।

फिलहाल पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया है और बत्तीलाल की तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध हथियार एक पिस्टल व एक खाली मैगजीन भी बरामद हुई है। उसके साथी मोहित गुर्जर के पास एक खाली मैगजीन बरामद की है। जिस पर एक पिस्टल व 2 खाली मैगजीन एक घटना में शामिल मुल्जिम रामकेश मीना की मोटरसाइकिल पल्सर आर्म्स एक्ट में जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में बत्तीलाल पुत्र घनश्याम गुर्जर निवासी श्यामोली थाना मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर, मोहित पुत्र सुग्रीव गुर्जर निवासी हिंगोटिया थाना गंगापुर सिटी सदर जिला गंगापुर सिटी तथा रामकेश पुत्र हरपाल मीना निवासी बनसोली थाना देई जिला बून्दी शामिल है। जिनमें मुल्जिम बत्तीलाल हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर है।

# अलवर में सरपंच प्रतिनिधि की कनपटी पर कट्टा लगाकर लूट, मामला दर्ज

- आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही की मांग



सरपंच प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन देकर आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

**अलवर,** (निसं)। अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में उमरैण सरपंच प्रतिनिधि की कनपटी पर कट्टा लगाकर सोने की चेन व ढाई लाख रुपए लूटने का मुकदमा दर्ज हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन देकर आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

उमरैण निवासी भविन्द्र पुत्र खुशीराम गुर्जर ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया कि वह 11 सितंबर की सुबह उमरैण से भूरासिद्ध मंदिर दर्शन करने आया था। वापस लौटते पहले उसके मोबाइल पर तोताराम निवासी केसरपुर का फोन आया। उसने मिलने के लिए ढाईपेडी पर बुलाया। वहां पहुंचा तो तोताराम सहित अन्य 2 लोग तुरंत आकर कार में बैठ गए।

पीछे बैठे तोताराम ने कनपटी पर कट्टा लगा दिया और कहा कि जहां कहें वहां कार को लेकर चलो। उनके अनुसार ऋतुराज होटल की तरफ आ गए। यहां सरपंच प्रतिनिधि के साथ पहले मारपीट की। उसके बाद गले से चेन छीन ली और कार में रखे 2 लाख रुपए लूट लिए।

इसके बाद वे भाग गए। किसी को नहीं बताने की धमकी दी। इस घटना के बाद पुलिस को रिपोर्ट दी है। अब पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ग्रामीणों के साथ एसपी से मिले और सख्ती से कार्यवाही की मांग की है। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि केसरपुर निवासी तोताराम आदतन अपराधी है।

साइबर क्राइम जैसे अपराधों में संलिप्त है। अवैध शराब का काम भी करता है। सरपंच जिला अध्यक्ष सहित अन्य सरपंचगण ने मिलकर पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा से जल्द कार्यवाही व आरोपियों को पकड कर सख्ती कार्यवाही की मांग की है।

## सार-समाचार

### पीड़ित परिवार को चेक दिए



**खैरथल,** (निसं)। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत सहायता राशि के लिए चेक भुगतान की स्वीकृति जारी कर पीडितों को चेक वितरित किए। जिला कलेक्टर पदभार ग्रहण करने के कुछ ही दिनों में लंबे समय से लंबित मुख्यमंत्री सहायता कोष के प्रकरणों का निस्तारण किया। जिसके तहत उन्होंने पीडिता सुमित्रा के पुत्र प्रिंस की सडक दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि 1 लाख तथा इमरान के पुत्र अरबाज की सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर 1 लाख रुपए की राशि का चेक प्रदान किया।

### मिट्टी से भरे ओवरलोड डंपरों पर कार्यवाही की मांग

**सावरदा,** (निसं)। सावरदा ग्राम पंचायत क्षेत्र में पिछले करीब तीन साल से दौड रहे ओवरलोड मिट्टी से भरे डंपरों के चलते उखडी डामर सडकों को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावरदा से वाया कचनार होते हुए आकोदा को जोडने वाले सडक मार्ग तथा सिख धर्मावलम्बियों से जुडे गुरुद्वारा सडक मार्ग के ओवरलोड डंपरों के चलते बुरी तरह से उखडकर बिखर जाने के बाद यहां से वाहनों के आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड रही है। तेज रफ्तार से दौडते डंपरों के चलते ग्रामीणों में हादसो को लेकर भी भय व्याप्त है। कई बार स्थानीय प्रशासन को इन पर रोक लगाए जाने की लिखित मांग किए जाने के बाद भी इन डंपरों का रात दिन संचालक लगातार जारी है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने डंपर चालकों द्वारा सरपंच प्रतिनीधी को बेरोक टोक डंपर चलाए जाने को लेकर कमीशन दिए जाने की बात भी कही गई है। परेशान ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मोती रियाड, जगदीश रियाड, शिव सिंह नाथावत, मेहराम नील, रामू प्रजापत, रामदयाल बंजारा, नितेश रियाड, पूनम बंजारा, बद्री रियाड, चेतन गुर्जर आदि मौजूद थे। सरपंच प्रतिनिधी से डंपर चालकों द्वारा कमीशन दिए जाने के मामले में जानकारी चाहने पर बताया कि जो आरोप लगाये है, प्रमाणित कर पुष्टि करे निराधार आरोप लगाना गलत है।

### रास्ते से अतिक्रमण हटाया

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। न्यायालय तहसीलदार श्रीमाधोपुर के आदेशों की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम पंचायत थोई के राजस्व ग्राम बडी ढाणी के खातेदारी में न्यायालय सहायक कलेक्टर श्रीमाधोपुर द्वारा काटे गए गैर मुमकिन रास्ते को जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त कर रास्ता सुचारू किया गया। गौरतलब है कि उक्त रास्ते को न्यायालय निर्णय की पालना में 8 माह पूर्व भी खुलवाया गया था, जिस पर सहखातेदारों द्वारा फसल काश्त कर रास्ता अवरूद्ध करने की शिकायत परिवादी सुवालाल सैनी द्वारा दो माह पूर्व तहसील कार्यालय में की थी, जिस पर राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 251 के तहत न्यायालय तहसीलदार श्रीमाधोपुर द्वारा प्रकरण निर्णित कर आज मौके से रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान भू-अभिलेख निरीक्षक जयप्रकाश मिठारवाल, धन्ना लाल वर्मा, पटवारी सुरेश गोरा, अशोक कुमार वर्मा, ओमप्रकाश जांगिड व थानाधिकारी थोई महेंद्र मीणा मय जाब्ते उपस्थित रहे।

### रावणा राजपूत समाज की बैठक

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में रावणा राजपूत समाज की एक आवश्यक बैठक का आयोजन अध्यक्ष हनुमान सिंह परिहार की अध्यक्षता में किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए रावणा राजपूत समाज के गोविन्द सिंह बड़गुर्जर ने बताया कि बैठक के दौरान समाज के उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान समाज के अन्य वक्ताओं ने समाज में बालिका शिक्षा पर जोर दिया। साथ ही युवाओं को सामाजिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करने के साथ ही सर्वसमाज को साथ लेकर चलने का आव्हान किया। इसके अलावा वहीं बैठक में मुख्य बिन्दु आगामी 23 सितम्बर को एमडीएस रोड पर स्थित मेजर दलपत सिंह सर्किल पर हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली का 106 वां बलिदान दिवस मनाने के लिए विचार विमर्श करना रहा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष गिरधारी सिंह शेखावत एवं समाज के वरिष्ठ एवं बुज़ुर्ग समाजसेवी हनुमान सिंह चौहान की मोजुदगी में महामंत्री रमेश पंवार ने प्रोठाम की रूप-रेखा की जानकारी दी। साथ ही बताया कि आगामी कार्यक्रम में सामाजिक एकता युवाओं में समाज के प्रति जागरूक करना, महिला शिक्षा के प्रति जागरूक करना, इसके अलावा समाज की 10 वीं 12 वीं की उच्च अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कृत करना, वार्षिक स्नेह कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# 'कर्नल बैंसला के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प ले युवा पीढ़ी'

- गुर्जर समाज ने कर्नल बैसला को पुष्पांजलि अर्पित की

**कोटपूतली,** (निसं)। गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के अगुवा नेता रहे कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की जयन्ती पर गुरूवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी शंकर लाल कसाना द्वारा राजमार्ग पर ग्राम खेडकी वीरभान स्थित भाजपा कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्व. बैंसला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई। भाजपा नेता कसाना ने कहा कि आज की युवा पीढी को कर्नल बैंसला के आदर्श अच्छी शिक्षा व स्वास्थ्य, पढी लिखी माँ व कर्जमुक्त समाज के संकल्प को अपने जीवन में उतारना चाहिये। उन्होंने कर्नल बैंसला के विराट व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा समाज हित में किये गये कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका स्मरण किया गया। इस दौरान पूर्व पंसस भोमसिंह जांगल, मातादीन चौधरी, देव मोलाहेड़ा, धीरेन्द्र बारेठ, सुरेश अधाना, उपेन्द्र यादव, रिंकू मुक्कड़, विजय आर्य समेत बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**चाकसू।** गुर्जर छात्रावास में गुरुवार को गुर्जर आरक्षण आंदोलन के अगवा रहे स्वर्गीय कर्नल किरोडी सिंह बैंसला का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। वीर गुर्जर छात्रावास चाकसू में गुर्जर समाज के लोगों ने कर्नल बैंसला की तस्वीर पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव प्रहलाद भगत ने कर्नल बैंसला की जीवनी एवं संघर्षों पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर गुर्जर समाज अधिकारी-कर्मचारी कल्याण परिषद के सोनू भडाणा, समाज सेवी बाबूलाल गुर्जर बिहारीपुरा, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के चाकसू विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण चैची लाखावास, समाजसेवी शिव किशन खाटरा, छात्रवास विद्यार्थी प्रमुख सुरेन्द्र गुर्जर, एडवोकेट रमेश गुर्जर मोठुका , जुगराम जाखोलास, फैली राम गुर्जर सहित सैकडों समाज बंधु उपस्थित रहे। सभी ने कर्नल बैंसला द्वारा दिए गए समाज चेतना की शिक्षाओं के संकल्प को समाज के जन साधारण तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**टोंक।** राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति टोंक के जिला अध्यक्ष रामलाल गुर्जर संडीला के नेतृत्व में श्री देवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में स्वर्गीय कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की 84वीं जयंती पर मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताएं गए सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर समाज के देवसेना के जिलाध्यक्ष शिवा दादिया, विनोद बोकण जिला उपाध्यक्ष आरक्षण संघर्ष समिति टोंक,देवराज खाटरा जिला महामंत्री आरक्षण संघर्ष समिति टोंक सुरेश हरसल, जिला प्ज इंचार्ज गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति टोंक, ओमप्रकाश गुर्जर सिसोला सरपंच जिला महामंत्री आरक्षण संघर्ष समिति टोंक, देवराज छाण उपाध्यक्ष आरक्षण संघर्ष समिति टोंक, शिवराज गुर्जर कुक्कड जिला उपाध्यक्ष गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति टोंक इत्यादि सैकडो समाज बंधुओ ने बैसला की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पीत कर उनके लिए सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा ली गई।